# नव्या पहल

## चर्चा में क्यों?

किशोरियों को सशक्त बनाने के लिये उत्तर प्रदेश के **सोनभद्र ज़िले** में **'नव्या – युवा किशोरियों के लिये व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से आकांक्षाओं का पोषण'** कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

## मुख्य बिंदु

- **सशक्तीकरण के लिये नव्या पहल:**
- **नव्या**, **कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय** तथा **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** की एक **संयुक्त पहल** है।
- इसे **19 राज्यों** के **27 आकांक्षी ज़िलों** में क्रियान्वित किया जाएगा ताकि **हाशिये पर स्थित** तथा **वंचित क्षेत्रों** को प्राथमिकता दी जा सके।
- यह एक **पायलट पहल** है जिसका उद्देश्य **16–18 वर्ष** की आयु वर्ग की किशोरियों को, जो **कक्षा 10** की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता रखती हैं, मुख्यतः **गैर-पारंपरिक रोजगार भूमिकाओं** में **व्यावसायिक प्रशिक्षण** प्रदान करना है।
- यह पहल **विकसित भारत@2047 विज़न** के अनुरूप है तथा **महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास** को बढ़ावा देती है।
- यह एक **कुशल**, **आत्मनिर्भर** और **समावेशी कार्यबल** के निर्माण हेतु सरकार की **प्रतिबद्धता** को मज़बूत करती है और **युवा लड़कियों** को **सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के वाहक** के रूप में स्थापित करती है।
- यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) तथा अन्य प्रमुख **कौशल विकास योजनाओं** पर आधारित होगा।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY):

- भारत सरकार द्वारा वर्ष **2015** में **कौशल भारत मिशन** की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत प्रमुख योजना **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)** को क्रियान्वित किया गया है।
- इस योजना का उद्देश्य **भारतीय युवाओं** को बेहतर **आजीविका** और **समाज में सम्मान** दिलाने के लिये उन्हें **व्यावसायिक प्रशिक्षण** एवं **प्रमाणन** प्रदान करना है।
- **PMKVY** का कार्यान्वयन **कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)** के मार्गदर्शन में **राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)** द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/navya-initiative-1